*Sai Social Responsibility Research Centre*

***104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005***

# Activity – Report (2025 – 2026)

2025-2026

| | |
|---|---|
| **श्रावण @जशोला वृध्दाश्रम** | 23rd **JULY**2025 |
| **Free Digital Classes @ Gandhi Jayanti Celebration** | **2nd October2025** |
| **Empowerment @Delhi Slums with free digital Education** | **5th October2025** |
| **Weekend free digital classes** | **12th October 2025** |
| **Nirali Diwali with free digital classes** | **21st October2025** |

*Sai Social Responsibility Research Centre*

***104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005***

# **श्रावण_माह** की एक शुरुआत - जशोला **वृध्दाश्रम** के साथ (एक रिपोर्ट)

साई सोशल रिस्पंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने श्रावण माह की शुरुआत 23 जुलाई 2025 वृध्दाश्रम में वृद्धों से मिल कर किया । हमारे भारत की संस्कृति में तो माँ बाप के बाद भगवान् का दर्जा होता है| उन्हें ईश्वर से उच्चा स्थान दिया गया है|आज हमें फिर से इंडियन की बजाय भारतीय बनने की आवश्यकता है हमें अपने मूल्यों को फिर से समझने तथा जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। जिससे वृद्ध माता-पिता अपना मन मसोसकर दुखी आत्मा से वृध्दाश्रम में जाने की बजाय।राजी खुशी से अपने बेटे व बेटियों के साथ रह सकें एवं नई पीढी के बच्चों को पारंपरिक सभ्यता एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा कहानी स्वरूप दे सके।





हमने जशोला वृध्दाश्रम में एक बहुत अच्छी शाम बिताई और हमने बहुत से खेल-कूद एवं अंतराक्षारी खेला , जिसमे सभी

वृद्धो ने  बढकर भाग लिया ,इसका आनंद भी लिया । वृद्धाश्रम में कुछ बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान देखी ,कुछ की आखों में बचपन देखा, कुछ बुज़ुर्गो की आंखे थी नम, शायद उन्हें याद आ गये थे अपने ।वृद्धाश्रम में  हमने परिवार जैसा त्यौहार मनाया। कुछ बुजुर्गों ने श्रावन माह के प्रथम दिन का कुछ अपनी आवाज में गा कर सबका मनोरंजन किया तो कुछ बुजुर्गो ने बताया कि वे अपना दिन वृद्धाक्ष्रम में कैसे बिताते हैं।

श्रावण माह के  दिन हम लोग वृद्धाश्रम गये, जहाँ पिछले 26 वर्षों से वो हर त्यौहार  पर हमारा इंतजार करते है। फिर सभी बुज़ुर्गो ने हमें गले लगा कर हमारा स्वागत किया।और फिर हम सब एक जगह बड़े हॉल में  एक साथ बैठ गये। हमने बहुत सी बाते की पर कुछ बुजुर्ग नहीं आ पाये क्योकि उनकी तबियत बहुत ख़राब चल रही थी। इसलिए हम लोग उनसे मिलने उनके पास गये।  हमने उनसे बात की उनके बारे में पूछा वे हम लोग को देख कर  प्रस्सन हुए। कुछ तो हमसे आपनी नाराजगी जता रहे थे, की आप लोग बहुत दिन बाद आए ।क्योकि हम लोग वृद्धाक्ष्रम जाते रहते है और इस बार हमे जाने में देरी हो गाई। तो उनकी नाराजगी तो बनती है। हॉल में हम फिर बैठे सब से बात की तो पता चला कि उनमें से एक वृद्ध ने अपनी पढ़ाई फिर से शुरू की है और उन्होंने सी.ए. भी कर लिया है। वे पास हो गए हैं और वे  ये भी बोल रहे थे वे अब घर नहीं जाएँगे उन्हें  यहाँ अच्छा लगता है । फिर

हम लोगों ने अंताक्षरी खेला । हम लोग ने 2 टीम बनाई थी पहली पुरुष बुजुर्गों की टीम, दूसरी महिलायें बुजुर्गों की टीम ।कुछ ने तो भाग ही नहीं लिया पर, वे इस का आनंद ले रहे थे। उसके बाद अंताक्षरी में महिलाएं टीम जित गईं, आश्रम में हम लोगों ने बुजुर्गो को मिठाई खिलाई और वे बहुत खुश हो कर खा रहे थे|



कुछ ***महिलाएँ*** बुजुर्गों ने तो हमें अपना कमरा भी दिखाया, अपने बारे में बहुत सी बाते भी बता रही थी। इन बुजुर्ग महिलाओं में से एक महिला ऐसी भी थी वे पहले एक प्रोफेसर रह चुकी थी, इसके बाबजूद उन्हें वृद्धाश्रम में रहना पड़ रहा है, ये बेहद दुःख की बात हैं। हम उनके लिए श्रावण का प्रसाद एव रात्रि का भोजन लेकर गये थे। इन सब के पश्चात हम लोगों ने

एक साथ रात का भोजन किया और उनके बाद मीठा खाया। हमने उनसे योगाभ्यास के बारे में पूछा, आँखों का परीक्षण का भी पूछा , तो वे सभी लोग बहुत ख़ुश हो गये। हम जल्दी ही योगाभ्यास कराने जाएँगे। हमने जाने का बोला तो सब बोलने लगे अभी मत जाओ वे थोड़ा सा उदास हो गये, हम ने बोला हम फिर आएँगे वे सब लोग बहुत ख़ुश हो गये। बुजुर्गों ने हमे अपना बहुत सारा आशीर्वाद दिया और श्रावण की बहुत सी शुभकामनाए भी दी।



आज जरुरत है हमें यह संदेश देने की कि श्रावण हो या भादो हर मास माता-पिता का सम्मान सर्वोपरि रहें । एवं कार्यक्षेत्र हो या घर माता पिता का सम्मान ही हमे सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं आशीर्वाद देता है।

*Sai Social Responsibility Research Centre*

*104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005*

# साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर झुग्गी बस्ती में निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाओं का आयोजन |

दिनांक :02|10|2025

समय:12 से 3

स्थल: सफदरजंग फ्लाईओवर

हर वर्ष 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पूरे देश में श्रध्दा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाएँ और विद्यालय समाज हित में कई कार्यक्रमों' का आयोजन करते है। इसी कड़ी में इस वर्ष साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने एक अनूठी पहल करते हुए शहर की झुग्गी बस्ती क्षेत्र में निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाओं का आयोजन किया। महात्मा गांधी के आत्मनिर्भर भारत को साकार करना था एवं इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित बच्चों, युवाओं और महिलाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आधुनिक तकनीक से आत्मनिर्भर बनाना है।




कार्यक्रम का शुभारंभ साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की निर्देशिका डॉ सुशी सिंह के संदेश द्वारा किया गया। इसके पश्चात हमने बच्चों को गांधी जी के जीवन से जुड़े आदर्शों के बारे में बताया कि "गांधी जी ने हमेशा शिक्षा, समानता और आत्मनिर्भर पर बल दिया था। वर्तमान समय में कंप्यूटर शिक्षा आत्मनिर्भर  बनने का सबसे महत्त्वपूर्ण साधन है। यदि गरीब और पिछड़े तबके के बच्चे इस शिक्षा से जुड़ेंगे तो समाज की प्रगति को और गति मिलेगी।

प्रशिगण कक्षाओं का संचालन अनुभवी शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने किया। छोटे बच्चों को कंप्यूटर का परिचय, की-बोर्ड और माउस का प्रयोग टाइपिंग और पेंट सॉफ्टवेयर को माध्यम से चित्र बनाने जैसी गतिविधियाँ सिखाई गई। वहीं, युवाओं और वयस्क प्रतिभागियों को इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ई-मेल बनाना, ऑनलाइन फार्म भरना, डिजिटल लेन देन की प्रक्रिया, शिक्षा संबंधी वेबसाइटों और सरकारी सेवाओं को अनिलाईन पोर्टल की जानकारी दी गई।

महिलाओं ने भी इसमें सक्रिय भागीदारी की। उन्हें ऑनलाइ बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और आधार से जुड़ी सुविधाओ के प्रयोगा की जानकारी दी गई, ताकि वे भी आधुनिक तकनीक का लाभ उठा सकें। इससे महिलाओं के सशक्तिकरण और परिवार की आर्थिक प्रीति में भी मदद मिलेगी।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक दृश्य तब देखने को मिला जब झुग्गी वस्ती के कई बच्चे पहली बार कंप्यूटर के सामने बैठे। उनके चेहरे पर उत्साह और जिज्ञासा साफ झलक रही थी। कई बच्चों ने कहा कि वे हमेशा से कंप्यूटर सीखना चाहते थे लेकिन साधनों की कमी के कारण ऐसा संभव नहीं हो पाया। इस पहल से उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिला है।




कार्यक्रम में झुग्गी-बस्ती के सैकड़ों बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने साई सोशल रिस्पंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की पहल को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर प्रतिभागियो के लिए  जलपान भी उपलब्ध कराया गया,  ताकि सभी बच्चों और युवाओं का मनोबल  और बढ़े। खाने वो साथ ही कार्यक्रम में  डॉ. सुशी सिंह की ओर से उत्तीर्ण बच्चों को  पुरुस्कार वितरित किया गया । पुरस्कार देकर उनकी मेहनत और उत्साह की सराहना की गई ।

क्रार्यक्रम के अंत में साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की निर्देशिका डाँ सुशी सिंह की और से यह घोषणा की

गई  ये कि निःशुल्क कक्षाएँ निरंतर रूप से 6 सप्ताह के लिए चलेगी। इसके पश्चात साई सोशल रिस्पंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने ये  भी घोषणा आगे चलकर भविष्य में झुग्गी-बस्तियों में नियमित रूप से निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाएँ आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटत शिक्षा का लाभ उठा सकेंगे। बच्चों और युवाओ ने इस पहल के लिए आयोजकों का धन्यावाद क्रिया।






# *Sai Social Responsibility Research Centre*

***104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005***



दिनांक 5अक्टूबर2025 को साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने सफ़दरगंज फ्लाईओव बस्ती क्षेत्र में निः शुल्क कंप्यूटर लगाई गई। यह पहल गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर की गई थी जिसका उद्देश्य बस्ती को बच्चों और युवाओं  को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना था।




प्रथम दिन प्रतिभागियों की संख्या बहुत अधिक रही क्योंकि उस दिन 2 अक्टूबर गांधी जयंती को सब बच्चों की छुट्टी थी। रविवार 5 अक्टूबर को बच्चों की  संख्या कम रही क्योंकि बस्ती के कुछ बच्चे बाजार में काम करते हैं, तो वे कंप्यूटर कक्षा में शामिल नहीं हो पाए। अतः हमने पुनः बेसिक तौर पर कंप्यूटर की जानकारी

दी। पहले दिन प्रतिभागियों को कंप्यूटर के मूलभूत ज्ञान जैसे-की-बोर्ड, माउस का प्रयोग, फाइल सेव करना , टाइपिंग का अभ्यास कराया गया। दूसरे दिन बच्चों को एम. एस . पेंट, वर्ड और इंटरनेट की प्रारंभिक जानकारी दी गई। साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने इस पहल को केवल एक दिन तक सीमित न रखते हुए, इसे सप्ताहांत को भी जारी रखा एवं छः सप्ताहांत तक ये कक्षाएं रखी जायेगी। दो समूह बनाये गए

संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि आगे भी ऐसी निःशुल्क कक्षाएँ विभिन्न झुग्गी-बस्तियों में आयोजित की जाएंगी, ताकि समाज के हर वर्ग तक तकनीकी शिक्षा पहुंच सके ।




कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों ने बच्चों को नियमित अभ्यास करने की सलाह दी | सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार वितरित किया

गया। पुनः हमने बच्चों से कंप्यूटर शिक्षा की महत्व के बारे में बातचीत करते हुए उन्हें नियमित रूप से आने को कहा और उन्हें निःशुल्क कम्प्यूटर  शिक्षा के लिए प्रेरित किया | छोटे बच्चों  को अंग्रेजी का महत्व भी बताया गया । साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर  ने ये भी घोषणा की कि  जो बच्चे रोज आएंगे उन्हें पुरस्कार दिया जाएगा|

# LESSON PLAN (5TH October2025)

| | |
|---|---|
| घटक | 2nd अक्टूबर से 16 th नवंबर 2025 |
| दिनांक | 5 अक्टूबर 2025 |
| अवसर | गांधी जयंती |
| विषय | मुफ़्त कंप्यूटर कक्षाएं |
| समय | 2 से 3 घंटे |
| स्थान | सफदरगंज फ्लाईओवर झुग्गी बस्ती क्षेत्र |
| शिक्षण सामग्री | कंप्यूटर, नोट्स, और इंटरनेट कनेक्शन |
| आयु | 10 वर्ष से अधिक |

## Recap Previous Class topics/Concepts

- कंप्यूटर के भाग (Input,Process,Output )
- टाइपिंग बेसिक |
- इंटरनेट के उपयोग के फायदे व सावधानियाँ |
- Digital India Mission" का परिचय |

## Q/A method of Previous class (Recap Q/A)

पिछले कक्षा में हमने आप को बताया :-

- कंप्यूटर क्या है?
- Desktop और laptop में क्या अंतर हैं ?
- Computer का आविष्कार कब हुआ?

## 5 thOct –Teaching topics –Continued

- हमने बच्चों को कंप्यूटर के भाग के बारे में बताया और उसका उपयोग भी सिखाया ….. (Continued from Previous class )

- Ms office के बारे में बताया और इसका उपयोग कहाँ-कहाँ हो......... (Continued from Previous class  New topic Introduced )
- गुगल सर्च का प्रभावी उपयोग  भी सिखाया .....  |

## Methodology

- SSRRC की टीम ने Pen copy के माध्यम से बताया और कप्यूटर स्क्रीन पर सीधे दिखाया |
- बच्चों ने खुद बटन दबाकर कटंयूटर चलाना कंप्यूटर के भाग एवं उपयोग देखा एवं सीखा |
- हमने बच्चों के समूह बनवाया और टाइपिंग भी करना सिखाया |

## Learning Outcomes

- कक्षा के अंत में विद्यार्थी से कंप्यूटर / मोबाइल के मूल भागो को पहचान सके।
- बच्चो ने सही तरीके से कंप्यूटर को on/off करना सीखा |
- गांधीजी के सिध्दांत (सत्य स्वावलंबन सेवा) को डिजिटल जीवन से जोड़ पाएंगे- यह Objective समझा

*Sai Social Responsibility Research Centre*

*104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005*

**साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर झुग्गी बस्ती में निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाओं का आयोजन।**

**दिनांक :12|10|2025**

**समय:12 से 3**

**स्थल: सफदरजंग फ्लाईओवर झुग्गी बस्ती**

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर द्वारा सफदरजंग फ्लाईओवर झुग्गी बस्ती में छः सप्ताह(2nd October to 6th November) का निःशुल्क डिजिटल क्लासेस का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना था। इस बार 12 अक्टूबर 2025,रविवार को हमारी साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की टीम एक नई बस्ती (स्लम क्षेत्र) में पहुँची, जहाँ हमने बच्चों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी देने का कार्य शुरू किया।

साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की टीम पहले उस जगह पर पहुंचे जहाँ वे पिछले दो सप्ताह से निःशुल्क कप्यूटर शिक्षा दे रहे थे, तीसरे दिन जब हम वहाँ पहुंचे, तो अधिकांश बच्चे सुबह के समय ही बाजार में काम करने चले जाते हैं। वे अपने परिवार की आजीविका में सहयोग करने के

लिए छोटी-छोटी दुकानों, ठेलों और होटलों में काम करते है। इस कारण वहां तीसरे दिन बच्चों की संख्या बहुत कम थी। साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की टीम ने इस स्थिति को समझते हुए अपनी रणनीति में बदलाव किया और यह तय किया कि अगली कक्षाएं सुबह-सुबह शुरु की जाएंगी ताकि अधिक से अधिक बच्चे भाग ले सके। साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की टीम ने एक और नई पहल के तौर पर एक नई बस्ती में डिजिटल शिक्षा पहुंचाने का एक और प्रयास किया ।








तीसरे सप्ताहांत में रविवार को कक्षा में हमने बच्चों को **MS Office** के बारे में बताया। हमने बच्चों को MS Office का

उपयोग करना सिखाया- फाईल सेव करना, रंग बदलना, फोन्ट साईज बदलना इत्यादि।

माउस और की-बोर्ड का उपयोग करना( साधारण) टाइपिंग और कर्सर चलाना सिखाया । कंप्यूटर को सही से(ON)ऑन और ( Shutdown) शट डाउन करना सिखाया विद्यार्थियों के साथ हमने कंप्यूटर के महत्व और उसके उपयोग के बारे में चर्चा की।

तीसरे सप्ताहांत की फ्री कंप्यूटर क्लास बहुत सफल रही क्योंकि इस बार हम एक नई बस्ती में गये थे और बच्चों कि संख्या बहुत अधिक थी | बच्चों ने डिजिटल शिक्षा के प्रति रुचि दिखाई, बच्चों में अलग उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने जोश और जिज्ञासा के साथ नई चीजें सीखीं । यह पहल उन बच्चों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई जो अब तक तकनीकि से दूर थे। साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर का यह प्रयास समाज में डिजिटल साक्षरता फैलाने की दिशा में सराहनीय कदम रहा ।

साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की टीम ने बच्चों को डिजिटल शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया और बताया कि आज के युग में कंप्यूटर ज्ञान रोजगार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम है।

कार्यक्रम में बच्चों को कक्षा के बाद कुछ अल्पाहार भी दिये गये। संस्था ने यह भी वादा किया कि भविष्य में ऐसे और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि स्लम क्षेत्र के अधिक से अधिक बच्चे डिजिटल शिक्षा से लाभ उठा सके।



यह 6 सप्ताह की पहल साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर के उस संकल्प का प्रतीक है, जो समाज के हर उस वर्ग ने लिया हैं जो शिक्षा और तकनीकी ज्ञान पहुंचाने की दिशा में कार्यरत है। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित यह क्रार्यक्रम महात्मा गांधी के उस विचार को साकार करता है

कि "शिक्षा वह माध्यम है, जिससे समाज में समानता और सशक्तिकरण संभव है। साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की टीम यह उम्मीद करती हैं कि समाज के प्रति जागरूक लोग हमसे जुड़ें और हमारा सहयोग करें ।

# Sai Social Responsibility Research Centre

*104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005*

**साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर झुग्गी बस्ती में निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाओं का आयोजन |**

**दिनांक :21|10|2025**

**समय: 01 से 3:30**

**स्थल: सफदरजंग फ्लाईओवर झुग्गी बस्ती**

गांधी जयंती के शुभ अवसर साईं सोशल रिस्पांसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर द्वारा झुग्गी बस्ती के बच्चों के लिए निःशुल्क डिजिटल कक्षाओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छः सप्ताह की (2 अक्टूबर से 16 नवंबर ) तक चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना, उन्हें तकनीकी ज्ञान प्रदान करना और भविष्य के डिजिटल भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

आज के समय में कंप्यूटर और डिजिटल ज्ञान का महत्व सभी क्षेत्रों में बढ़ गया है। ऐसे में साईं सोशल रिस्पांसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने यह सराहनीय पहल की है ताकि झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले बच्चे भी कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर सकें और अपनी प्रतिभा को निखार सकें |



कार्यक्रम की शुरुआत 2 अक्टूबर 2025 गांधी जयंती के दिन की गई। पहले सप्ताह के पहले एवं दूसरे और तीसरे सप्ताहांत पर बच्चों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कंप्यूटर क्या है, इसके मुख्य भाग कौन-कौन से हैं, जैसे – मॉनिटर, कीबोर्ड, माउस, सीपीयू आदि, और ये सभी भाग मिलकर किस प्रकार कार्य करते हैं। इसके साथ ही बच्चों को यह भी सिखाया गया कि कंप्यूटर को कैसे चालू और बंद किया जाता है, फाइलें कैसे खोली और सेव की जाती हैं, तथा कंप्यूटर के सही उपयोग के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

पिछली बार हम एक नई झुग्गी मेंगये। वहाँ बच्चों ने इन शुरुआती कक्षाओं में गहरी रुचि दिखाई। कई बच्चों ने पहली बार कंप्यूटर को हाथ लगाया और बहुत उत्साह के साथ सीखने का प्रयास किया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को प्रायोगिक तरीके से कंप्यूटर पर काम करने का मौका दिया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें यह महसूस हुआ कि वे भी तकनीर्व या का हिस्सा बन सकते हैं।

चौथे दिन की कक्षा में SSRRC की टीम ने बच्चों को MS OFFICE के बारे में जानकारी देने की योजना बनाई। इस सत्र में बच्चों को MS WORD, MS EXCEL और MS POWERPOINT जैसे प्रमुख सॉफ्टवेयरों के उपयोग के बारे में बताया जाएगा। उन्हें सिखाया जाएगा कि वे कैसे MS WORD में दस्तावेज़ तैयार कर सकते हैं, MS EXCEL में डेटा व्यवस्थित कर सकते हैं और POWERPOINT में प्रस्तुति (PRESENTATION) बना सकते हैं। ये सभी कौशल आगे चलकर बच्चों की पढ़ाई और करियर दोनों में बहुत उपयोगी साबित होंगे।



कार्यक्रम के आने वाले हफ्तों में साईं सोशल रिस्पांसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर टीम बच्चों को इंटरनेट के उपयोग, ईमेल बनाना, ऑनलाइन सुरक्षा (CYBER SAFETY), और डिजिटल साक्षरता के अन्य पहलुओं से भी परिचित कराएगी। इसके माध्यम से बच्चों को यह समझाया जाएगा कि इंटरनेट का सुरत और उपयोगी तरीके से कैसे प्रयोग किया जाए AI के इस जमाने में झुग्गी बस्ती के बच्चों में सीखने की ललक हमें भी प्रेरणा देगी।





इस छह सप्ताह की प्रशिक्षण श्रृंखला का उद्देश्य केवल तकनीकी ज्ञान देना नहीं है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और डिजिटल सोच विकसित करना भी है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों में  उत्साह और खुशी की झलक ही हमारा पुरस्कार है ।ज्यादा जानकारी के लिए ANNEXURE NO 4 देखे |

Annexure No 04

# Learning Outcomes

**संस्थान का नाम:** साई रिस्पॉन्सिविलिटी एंड रिसर्च सेंटर

**कार्यक्रम :** झुग्गी बस्ती क्षेत्र में निःशुल्क डिजिटल क्लास

**अवसर :** गांधी जयंती विशेष डिजिटल शिक्षा अभियान कक्षाएँ

**तिथि :** **21** अक्टूबर **2025**

**कक्षा :** चौथी डिजिटल कक्षा सप्ताहांत

**विषय :** कंप्यूटर और उसके उपयोग

**स्थान :** सफदरजंग फ्लाइओवर बस्ती क्षेत्र

**Learning objectives (**पाठ के उद्देश्य)

- ❖ विद्यार्थी समझ सकें कि कंप्यूटर क्या होता है
- ❖ कंप्यूटर के मुख्य भागों - मानिटर, सी.पी.यू, की-बोर्ड और माउस - की पहचान कर सके ।
- ❖ कंप्यूटर के दैनिक जीवन में उपयोग को पहचान कर सकें।
- ❖ कंप्यूटर पर एक सरल व्यावहारिक गतिविधि (**activity)** कर से **|**

i. **Teaching learning methodology - Q/A + lecture + Demo**

- ❖ बच्चों से प्रश्न पूछना :"क्या आपने कभी कंप्यूटर देखा है**?"**
- ❖ उनके उत्तर सुनना और उत्साह बढ़ाना ।
- ❖ सरल शब्दों में समझाना :
- ❖ कंप्यूटर एक मशीन है जो हमारी मदद से सोचता, लिखता, गिनता और खेल भी खेलना है।"

ii. **Concept to be Taught**

चित्र या वास्तविक कंप्यूटर द्वारा दिखाना :

- ❖ मॉनिटर, सी. पी. यू, की-बोर्ड, माउस

प्रत्येका भाग का कार्य समझाना -

- ❖ मॉनिटर: स्क्रीन जहाँ हम देखते है
- ❖ की-बोर्ड : अक्षर और संख्या लिखने के लिए
- ❖ माउस : चुनने और किलक करने के लिए

### iii. कंप्यूटर के उपयोग समझाना:

- ❖ पढ़ाई के लिए (ऑनलाइन क्लास, वीडियो)
- ❖ अस्पतालों में (रोगियों की जानकारी रखने के लिए)
- ❖ दफ्तरों में ( काम करने के लिए)
- ❖ घरों में (गीत, खेल, फिल्में देखने के लिए)

### iv. प्रदर्शन एवं गतिविधि (20 मिनट)

- ❖ कंप्यूटर चालू कर बच्चों को दिखाना:
- ❖ डेस्कटॉप स्कीन क्या होती है
- ❖ माउस से क्लिक करना
- ❖ **"Paint"** या -**Typing"** प्रोग्राम खोलकर सरल अभ्यास कराना|
- ❖ प्रत्येक बच्चे को थोड़ी देर कंप्यूटर चलाने का अवसर देना |

### v. (प्रश्नातरी 10 मिनट)

यह क्या है **?-** कंप्यूटर के भागों की तस्वीरे दिखाना और नाम बताने को कहना।

### vi. पुनरावृत्ति और प्रेरणा(10मिनट)

- ❖ बच्चों से पूछना - आज हमने क्या सीखा **?"**
- ❖ प्रत्येक बच्चे से एक-एक पंक्ति में उत्तर बुलवाना ।"
- ❖ अंत में प्रेरणादायक पंक्ति !
- ❖ **"**कंप्यूटर सीखना हमारे भविष्य की नई दिशा है।"

### vii. आवश्यक सामग्री :

कंप्यूटर , कंप्यूटर पार्टस के चित्र, पेन ड्राइव , जलपान और उपस्थिति रजिस्टर ।

## viii. Learning Outcomes (अपेक्षित परिणाम)

- ❖ बच्चों कंप्यूटर के मुख्य भाग पहचान सके।
- ❖ वे समझे कि कंप्यूटर का कहाँ-कहाँ उपयोग होता है एवं जीवन में हमारा क्या महत्व है ?
- ❖ उनमें कंप्यूटर सीखते की रूचि और आत्मविश्वास बढ़े ?